




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 05 सितम्बर-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 308 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










## सीएम चित्रकूट में मंदाकिनी बाढ़ पीड़ितों को देंगे राहत, तबाही का करेंगे हवाई सर्वेक्षण



**चित्रकूट।** मंदाकिनी की प्रलयकारी बाढ़ से हुई तबाही का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर में चित्रकूट पहुंचेंगे। हेलीकॉप्टर से बाढ़ प्रभावित गांवों, सड़कों, पुलों और अन्य क्षतिग्रस्त क्षेत्रों की स्थिति देखने के बाद वह रामायण मेला परिसर पहुंचेंगे। यहां बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत किट वितरित करेंगे। करीब 20 दिन तक बाढ़ की विभीषिका झेल चुके जिले में मुख्यमंत्री का दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब रामघाट समेत 36 गांवों में बाढ़ के निशान बाकी हैं। करीब 500 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें 311 क्षतिग्रस्त मकानों के पीड़ितों को प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जा चुका है। नदी-नालों के तेज बहाव से सड़क, पुल और संपर्क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## स्वतंत्र भारद्वाज को हिरासत में लिए जाने का विरोध, हिंदूवादी संगठनों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से स्वतंत्र भारद्वाज को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई जुलाई में दिल्ली में हुए एक प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी निशू आजाद के पिता संजय कुमार पर कथित हमले के मामले में की गई है। स्वतंत्र भारद्वाज को हिरासत में लिए जाने के विरोध में संसद मार्ग थाने पर हिंदूवादी संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में एससी/एसटी एक्ट के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक, स्वतंत्र भारद्वाज के समर्थन में शनिवार को शिवम ठाकुर और दक्ष चौधरी के नेतृत्व में संसद मार्ग थाने के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी स्वतंत्र की रिहाई की मांग कर रहे हैं। उनके अनुसार, निशु आजाद ने स्वतंत्र भारद्वाज पर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं और मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इसके अलावा प्रदर्शनकारी निशु पर हिंदू देवी देवताओं का अपमान करने का भी आरोप लगा रहे है।

## देश में थर्मल प्लांट्स में कोयले की भारी कमी, सिर्फ 9 दिन का स्टॉक बचा

**नई दिल्ली।** बिजली की भारी मांग और मानसून के कारण आपूर्ति में आई रुकावटों के चलते देशभर के थर्मल पावर प्लांट्स में कोयले का भंडार तय मानक के आधे से भी कम रह गया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के आंकड़ों के मुताबिक, 2 सितंबर तक देश के 50 पावर प्लांट्स में कोयले का स्टॉक क्रिटिकल यानी गंभीर रूप से कम स्तर पर पहुंच गया है। सीईए के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 224 गीगावाट की संयुक्त क्षमता वाले इन संयंत्रों के पास बुधवार तक 28.2 मिलियन टन कोयला उपलब्ध था, जो कि 58.7 मिलियन टन की निर्धारित आवश्यकता का महज 48 प्रतिशत है। 85 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर पर यह उपलब्ध स्टॉक लगभग 9 दिनों की जरूरत के लिए ही पर्याप्त है, जबकि सामान्य स्थिति में कम से कम 19 दिनों का बैकअप होना चाहिए।

## तेलगांना में सरकार के खिलाफ हल्लाबोल, GO 97 वापस लेने की मांग

**हैदराबाद।** तेलंगाना में पॉलीटेक्निक छात्रों ने भी कांग्रेस सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया। सिकंदराबाद स्थित संगीत एक्स रोड्स पर पॉलिटेक्निक छात्रों ने प्रदर्शन किया। छात्र तेलंगाना सरकार से GO 97 वापस लेने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पुलिस तैनात की गई। इससे पहले गुरुवार को तेलंगाना पॉलिटेक्निक स्टूडेंट्स जेएसी के नेतृत्व में धरना चौक पर बड़ा प्रदर्शन हुआ था। इसमें 59 सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेजों के छात्र, पूर्व छात्र, अभिभावक और सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हुए थे। छात्रों ने साफ कहा कि GO 97 को बिना शर्त वापस लिया जाना चाहिए।

## जन्माष्टमी की झांकियां देखकर लौट रहे छह लोगों को बस ने रौंदा, दो की मौत

**एटा।** कोतवाली देहात क्षेत्र में शुक्रवार रात 11:30 बजे रोडवेज बस ने एक बाइक पर जा रहे छह लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में एक बच्चे और किशोर की मौत हो गई और चार लोग घायल हुए हैं। बाइक सवार लोग श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शहर में झांकियों के दर्शन कर वापस अपने घरों को जा रहे थे। हादसे के बाद थोड़ी देर के लिए यातायात अवरुद्ध हो गया जिसे बाद में पुलिस ने पहुंचकर सुचारू कराया। इस हादसे में पांच वर्षीय अर्जुन निवासी गंगा नगर और 17 वर्षीय श्याम सुंदर निवासी दत्तेई थाना मिरहची की मौत हो गई।जबकि गोविंद निवासी रेवाड़ी मोहल्ला थाना कोतवाली नगर, जूली निवासी बमनई, वर्षा, सूरती निवासी गंगानगर घायल हो गए।

# मस्जिद पर चला बुलडोजर

## जिला जज के फैसले के बाद बड़ी कार्रवाई : सहारनपुर की सांसद इकरा हसन नजरबंद

● सांसद मसूद ने कहा हम हाईकोर्ट जाएंगे, मायावती ने बताया जल्दीबाजी में उठाया गया कदम





**सहारनपुर।** जिला जज न्यायालय का फैसला आने के बाद कलेक्ट्रेट में बनी मस्जिद को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया है। अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए शहर में जगह-जगह भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। हालांकि रात में यह अफवाह फैल गई थी। इंटरनेट मीडिया पर सांसद और पार्षदों द्वारा बयानबाजी भी की जा रही थी। वहीं कैराना की सांसद इकरा हसन को उनके घर पर पुलिस ने नजरबंद कर दिया है। मस्जिद को अवैध बताते हुए बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने मार्च -2025 में शिकायत की थी कि कलेक्ट्रेट परिसर में बनी मस्जिद अवैध है। परिसर का व्यावसायिक उपयोग भी हो रहा है जो कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा के लिए खतरा है। यह मामला सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में डेढ़ वर्ष से चला आ रहा था। शनिवार तड़के 4 बजे से 6 बुलडोजर मस्जिद को तोड़ने में जुटे हैं। एक हिस्सा गिराया जा चुका है। एहतियात के तौर पर 5 कंपनी PAC, RAF और पुलिस के 200 जवान तैनात हैं। पुलिस किसी को मस्जिद के पास जाने नहीं दे रही है। फिलहाल मस्जिद का 70 फीसदी हिस्सा तोड़ा जा चुका है। यह कार्रवाई मजिस्ट्रेट के आदेश पर हो रही है। कोर्ट ने मस्जिद को अवैध बताया था। इससे पहले, शुक्रवार रात 11 बजे अफवाह फैली कि प्रशासन मस्जिद को तोड़ने जा रहा है। इसके बाद भारी भीड़ जुट गई थी। कार्रवाई के खिलाफ सहारनपुर आ रहीं कैराना सांसद इकरा हसन को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। इस दौरान इकरा इंस्पेक्टर और महिला दरोगा पर भड़क गईं। कहा कि आप हमें रोक नहीं सकते। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि जल्दबाजी में की जा रही कार्रवाई ठीक नहीं है। इसे सरकार तुरंत रुकवाए। इस बीच, रात में ही सांसद इमरान मसूद ने लोगों से अपील की कि कोई ऐसा काम न करे, जिससे आगे चलकर मुसीबतों का सामना करना पड़े। हम लोग हाईकोर्ट जाएंगे।

## दही हांडी में हादसा, पुणे में लोहे का ढांचा गिरने से महिला की मौत, मुंबई में 22 'गोविंदा' घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर दही हांडी का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास, अटूट आस्था और भारी उत्साह के साथ मनाया गया। हालांकि, राज्यभर में जारी इस भव्य जश्न के बीच कुछ दर्दनाक हादसे भी सामने आए हैं, जिसने उत्सव के रंग में भंग डाल दिया। पुणे के ओल्ड सांगवी इलाके में दही हांडी कार्यक्रम के समापन के बाद लोहे का एक अस्थायी ढांचा अचानक गिरने से 45 वर्षीय महिला की मलबे में दबकर मौत हो गई, वहीं मुंबई में दही हांडी फोड़ने के लिए ऊंचे मानव पिरामिड बनाने के दौरान 22 गोविंदा घायल हो गए हैं।

# उत्तर प्रदेश में मानसून फिर एक्टिव

● राजस्थान, मध्यप्रदेश में नदियां उफान पर, बिहार में बाढ़ से 6.65 लाख लोग प्रभावित




**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में मानसून एक बार फिर एक्टिव है। प्रदेश के 22 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले पांच दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और यूपी में लगातार बारिश हो रही है। एनपी के 19 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट है। शिवपुरी-मुरैना समेत 7 जिलों में स्कूल बंद हैं। राजस्थान के धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर में शनिवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। जयपुर में रातभर हुई बारिश के कारण तापमान में 7 डिग्री तक की गिरावट आई है। झालावाड़ में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गंगा-यमुना समेत 10 से अधिक नदियों के उफान पर होने से प्रदेश के 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। करीब 3.53 लाख लोग प्रभावित हैं, जबकि 17,544 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। वहीं बिहार में भी 16 जिलों में बाढ़ से करीब 5 लाख लोग प्रभावित हैं।

# बंद स्कूलों में सपा की लगायी पाठशाला

● दलित बस्ती में करायी पढ़ाई



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने योगी आदित्यनाथ सरकार के विलय किए गए परिषदीय विद्यालयों के बाहर शिक्षक दिवस पर 'पाठशाला पुकारे' कार्यक्रम आयोजित किया। समाजवादी पार्टी ने इस कार्यक्रम के तहत लखनऊ में शनिवार को गोमतीनगर की दलित बस्ती में PDA पाठशाला का आयोजन किया। जहां पर बच्चों को पाठ्यपुस्तक वितरित करने के साथ ही पढ़ाया गया। शिक्षा के मुद्दे पर योगी सरकार को लगातार घेर रही सपा ने पीडीए के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश का आरोप लगाया। इसके साथ ही सरकार पर 26 हजार स्कूलों को बंद करने की साजिश का आरोप लगाया।



# अमेरिका ने ईरान पर फिर किया हमला

## छह महीने से चल रही जंग में दोनों तरफ से हमले जारी

● एक के बाद एक गिरायी चार मिसाइलें



**तेहरान।** अमेरिका ने खार्ग द्वीप के पास ईरानी तेल टैंकर पर हमला किया है। अमेरिका ने एक-के बाद एक यहां चार मिसाइलें गिराईं। इस हमले में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरानी समाचार आउटलेट खबर फौरी की रिपोर्ट के अनुसार, रणनीतिक रूप से अहम खार्ग द्वीप के पास एक ईरानी तेल टैंकर पर US की चार मिसाइलें गिरीं और उसे खाली कराया जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के खार्ग द्वीप पर हमला किया है। खार्ग द्वीप ईरान के तेल निर्यात का एक मुख्य केंद्र है और देश के कच्चे तेल के शिपमेंट का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा इसी द्वीप से जाता है। अमेरिका के हमले की रिपोर्ट ईरान के 'स्टूडेंट न्यूज नेटवर्क' ने दी। एसएनएन ने बताया कि तेल टैंकर पर मिसाइलें गिरी थीं, हालांकि शुरुआत में मिसाइलों की संख्या या उनके स्रोत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते में तीसरी बार पलटा निचली अदालत का फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2012 के तेलंगाना अपहरण और हत्या के एक चर्चित मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश को पलट दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और के विनोद चंद्रन की पीठ ने सबूतों के विश्लेषण पर सवाल उठाते हुए आरोपी की सजा और दोषसिद्धि को रद कर दिया। एक हफ्ते में तीसरी बार निचली अदालत का फैसला पलटते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दोषी ठहराए गए आरोपी को रिहा करने का आदेश दिया है।

## ताने से भड़की जेठानी ने देवरानी को चाकू से गोदा

**इंदौर।** रक्षाबंधन पर जेल में बंद भाई को राखी नहीं बांध पाने का ताना देवरानी ने जेठानी को कसा तो यह बात उसे नागवार गुजरी। दोनों में तकरार हुई। इस पर नवविवाहिता देवरानी ने जेठानी को घर से निकलवाने की धमकी तक दे दी। इससे जेठानी ने अपना आपा खो दिया और देवरानी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को टैंक में फेंक दिया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 32.8⁰C
● तापमान न्यूनतम : 21.0⁰C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 05 सितम्बर, शनिवार ( 2 )





**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** रोहनिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पहाड़ी में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की झांकी सजायी, पूजन-अर्चन कर जन्मोत्सव मनाया। देर रात तक चले आयोजन में भक्ति गीतों की धूम रही। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# जलजमाव पर फूटा गुस्सा

## गुरुधाम मार्ग पर चक्काजाम, विधायक के पहुंचते ही लगा मुर्दाबाद का नारा

● पीएमओ की ओर बढ़ते प्रदर्शनकारियों को प्रशासन ने रोका

● लंबे समय से चल रही सीवर समस्या को लेकर भड़का रोष, मौके पर पहुंचे अधिकारी जुटे मान-मनोव्वल में



वाराणसी। वाराणसी में शनिवार की सुबह खोजवा पुस्तकालय गली से गुरुधाम राम मंदिर तक लंबे समय से बनी सीवर की समस्या के विरोध में स्थानीय लोगों का आक्रोश एक बार भड़क गया। सीवर चोक होने और गली में लगातार जलभराव की समस्या से परेशान लोगों ने शनिवार को दोबारा धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने दाहाचौक तिराहे से गुरुधाम तथा कश्मीरीगंज से गुरुधाम जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने जलकल विभाग के जीएम को भी अपने बीच बैठा लिया। लोगों का कहना था कि जब तक समस्या के स्थायी समाधान को लेकर ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक वे अपना आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। सड़क पर प्रदर्शन के कारण दोनों मार्गों पर आवागमन प्रभावित हो गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। धरना-प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक सौरभ श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे। विधायक के पहुंचते ही कुछ स्थानीय लोगों ने उनके खिलाफ 'विधायक मुर्दाबाद' के नारे लगाए। हालांकि, विधायक ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने की कोशिश की और बाद में स्थानीय लोगों के साथ गली में बैठ गए। उन्होंने मौके से संबंधित अधिकारियों को फोन कर सीवर और जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर बातचीत की। विधायक ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों से बात की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान कुछ स्थानीय लोग विरोध जताते हुए प्रधानमंत्री जनसंपर्क कार्यालय की ओर भी बढ़ने लगे। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और मौके पर स्थिति को नियंत्रित किया।

## कमलापति त्रिपाठी की जयंती पर औरंगाबाद हाऊस में जुटे विशिष्टजन




● साहित्यकार, कवि व रंगकर्मी किये गये सम्मानित

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** पं. कमलापति त्रिपाठी की 121वीं जयन्ती पर औरंगाबाद हाउस में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ साहित्यकार, कवि, रंगकर्मी तथा नागरी प्रचारिणी सभा के प्रधानमंत्री व्योमेश शुक्ल को पं. कमलापति त्रिपाठी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान के तहत उन्हें प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिह्न और एक लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। सम्मान ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में व्योमेश शुक्ल ने कहा कि पं. कमलापति त्रिपाठी को केवल एक राजनेता के रूप में देखना उनके विराट व्यक्तित्व को सीमित कर देना होगा। उन्हें समझने के लिए औरंगाबाद हाउस की सदियों पुरानी ज्ञान, संस्कार, साहित्य और सांस्कृतिक परंपरा को समझना जरूरी है।कार्यक्रम में पं. राजेशपति त्रिपाठी, व्योमेश शुक्ल, संतोष जैन, सतीश चौबे, सतीश राय, सुनी देवी, सुनैना पटेल, प्रोफेसर शिवकुमार शर्मा और विजय विनीत समेत साहित्य, पत्रकारिता, संस्कृति, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग और राजनैतिक कार्यकर्ता योगेश मिश्रा, ओमप्रकाश तिवारी, सत्यनारायण पांडे ए0के0लारी, विजय विनीत आदि उपस्थित रहे।

## बरेका टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर में मनाया गया शिक्षक दिवस



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** बरेका स्थित **टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर TTC में आज शनिवार को समारोह पूर्वक** शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर समारोह में 47 बैच एक्ट अप्रेंटीशिप रेलवे blw वेल्डिंग डिपार्टमेंट में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें सभी शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर समारोह को सफल बनाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## महापौर ने मोटर बोट से लिया बाढ़ प्रभावित तटवर्ती इलाकों का जायजा



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** महापौर अशोक कुमार तिवारी ने शुक्रवार को मोटरबोट (स्टीमर) बोट के जरिए बाढ़ प्रभावित तटवर्ती इलाकों का विस्तृत जायजा लिया। महापौर व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने नमो घाट से अपना निरीक्षण शुरू किया और कोनिया, दनियालपुर, हुकुलगंज होते हुए सरैया और पुरानापुल तक बाढ़ की स्थिति देखी। इसके बाद उन्होंने अंधरापुल स्थित बाढ़ राहत शिविर का औचक निरीक्षण कर वहां शरण लिए प्रभावित लोगों से सीधे बातचीत की और उनका हाल जाना। निरीक्षण के दौरान महापौर ने जोर देकर कहा कि आपदा की इस कठिन घड़ी में बेहतर प्रबंधन के साथ काम करें और हर संभव मदद पीड़ितों तक पहुंचाएं, ताकि प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को कम कर लोगों को तुरंत राहत दी जा सके। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप, काशी के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और कल्याण के लिए नगर निगम एवं प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है।

## जूडो में प्रगति और खुशी चेस में स्वास्तिका ने मारी बाजी



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** मण्डलीय जूडो प्रतियोगिता बृहस्पतिवार को विकास इण्टर कालेज में सम्पन्न हुई जिसमें अग्रसेन कन्या इंटर कालेज विद्यालय की कक्षा 9वीं की छात्रा प्रगति सोनकर और कक्षा 12 की छात्रा खुशी सोनकर ने अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय जूडो प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। बृहस्पतिवार को ही राजकीय बालिका इण्टर कालेज में जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय शतरंज प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमें विद्यालय की कक्षा 8सी की छात्रा स्वास्तिका केशरी ने यू-14 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया और मण्डलीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई।

## त्रिदेव मंदिर में सजी श्याम प्रभु की झांकी



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** लंका मार्ग दुर्गाकुंड स्थित त्रिदेव मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पावन पर्व पर त्रिदेव सेवक परिवार की ओर से लीलाधर का जन्म उत्सव मनाया गया। लीलाधर की रंग बिरंगे फूलों से अलौकिक झांकी सजाई गई। साथ ही तीनों विग्रह राणी सती सालासर हनुमान जी खाटू श्याम की अलौकिक झांकी सजाई गई।

## नटवर नागर का मनाया गया जन्मोत्सव



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** लक्सा स्थित श्याम मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्याम मंडल की ओर से नटवर नागर का जन्म उत्सव मनाया गया । नटवर नागर की रंग बिरंगे सुगंधित फूलों से अलौकिक झांकी सजाई गई मंदिर परिसर को गुब्बारों फूलों और लाइटों से सजाया गया भजन संध्या में संकीर्तन किया गया।

## फरियादी की अवैध कब्जे की शिकायत पर गुस्साये आयुष मंत्री



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश शासन ऐसे अराजक तत्वों से सख्ती से निपटेगा। उक्त बातें प्रदेश सरकार के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने सिगरा स्थित अपने कैंप कार्यालय पर जनसुनवाई के दौरान कहीं। मंत्री डॉ. दयालु ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकारी भूमि, सार्वजनिक संपत्तियों और मठ-मंदिरों की जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। ऐसे किसी भी मामले में हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गरीबों, किसानों या सार्वजनिक संपत्ति की जमीनों को हड़पने वालों के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

## ये सड़क भी अपने ही शहर में है साहब




### वार्ड संख्या-38 की बदहाल सड़क



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** ये सड़क भी अपने ही शहर में है। हालिया शहर में शामिल हुए बी.एल.डब्ल्यू. को रोहनिया से जोड़ने वाली ग्राम पहाड़ी की इस सड़क से प्रति दिन हजारों हजार पदयात्रियों और वाहनों का आना-जाना है जिसमें नामचीन स्कूलों की बसों और नेता-मंत्रियों की लक्जरी कारों से लेकर सोलह पहिया वाले भारी-भरकम वाहनों का आवागमन शामिल है। बताते चलें कि शहर में शुमार होने के बाद इस गांव में हाहाकारी तब्दीलियां आयीं। कई उल्लेखनीय परिवर्तन हुए। वार्डों में चुनाव हुआ और सभासद ने वार्ड का प्रतिनिधित्व संभाला। ये सड़क वार्ड संख्या 38 के अन्तर्गत आती है। सामान्य दिनों में ही इस सड़क से पदयात्रियों और दो पहिया वाहन सवारों का गुजरना जोखिम से भरा होता है। वहीं एक दिन पानी बरस जाने पर कई दिनों तक इस सड़क के गड्ढे पानी से लबालब रहते हैं। ऐसे में आवागमन में हादसों की आशंका हमेशा बनी रहती है। सड़क के हवाले से स्थानीय दुकानदार हमेशा अपनी बदहाली का रोना रोते रहते हैं। हैरतअंगेज यह है कि इसी बदहाल सड़क से चन्द कदम के फासले पर नव-निर्वाचित सभासद का स्थायी निवास स्थान है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: वमंविइं–लजं.–30–2026; कार्य का विवरण:** लखनऊ–गोरखपुर कैंट सेक्शन में सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक कंट्रोल (CTC) सिस्टम के साथ ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग की सुविधा देना GKP में पुराने कोचिंग डिपो की मेंटेनेंस सुविधाओं को अपग्रेड करना LJN-DIV के तहत 12 अलग–अलग स्टेशनों पर P.P शेल्टर लगाना लखनऊ डिवीजन के तुलसीपुर और बढ़नी में पंपहाउस के साथ डीप ट्यूबवेल लगाना गंगाधाम PF–1 और 2 तथा विशेश्वरगंज PF–1 और 2 पर प्लेटफॉर्म को कम ऊंचाई से अधिक ऊंचाई तक उठाना NTV में स्टेशन बिल्डिंग में सुधार (रिटायरिंग रूम, वेटिंग रूम (महिलाओं और पुरुषों के लिए), टॉयलेट के साथ पैसेंजर हॉल, 2–बे PP शेल्टर (PF–02) और स्टेशन साइनेज आदि); NTV में ओवरहेड टैंक और 16–बे PP शेल्टर के साथ डीप ट्यूबवेल लगाना, सर्कुलेटिंग एरिया में सुधार और NTV में नई क्रू लॉबी बनाने का प्रस्ताव। **अनुमानित लागत:** ₹1,58,34,452.47; **बयाना राशि:** ₹3,16,700/-, **निविदा मूल्य:** ₹0.00; **कार्य सम्पादन की अवधि:** 6 माह; **निविदा सं.: वमंविइं–लजं.–31–2026; कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में 5 स्टेशनों पर कवर शेड के साथ पहला फुट–ओवर ब्रिज बनाने का इलेक्ट्रिकल काम गुड्स शेड के लिए तिरपाल जैसी जरूरी चीजों की व्यवस्था PF नंबर 02 का विस्तार, पानी की सप्लाई पाइपलाइन और साफ–सफाई जैसे बड़े सुधार के काम RCC OHT की व्यवस्था LJN डिवीजन के अलग–अलग स्टेशनों पर 09 पैसेंजर प्लेटफॉर्म का विस्तार GKP में नए कोचिंग डिपो की इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं को अपग्रेड करना LJN डिवीजन में 20000 से ज्यादा TVU वाले 06 LC गेट्स की इंटरलॉकिंग और MLN क्रू लॉबी में CMS हॉल, महिलाओं और पुरुषों के लिए वेटिंग रूम वगैरह का रेनोवेशन। **अनुमानित लागत:** ₹99,23,733.71; **बयाना राशि:** ₹1,98,500/-, **निविदा मूल्य:** ₹0.00; **कार्य सम्पादन की अवधि:** 6 माह; **निविदा सं.: वमंविइं–लजं.–32–2026; कार्य का विवरण:** गोंडा स्टेशन पर रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर में सुधार/बड़े मरम्मत कार्य से जुड़ा इलेक्ट्रिकल काम, कॉलोनी के स्टाफ क्वार्टर की क्षतिग्रस्त/लीक होती छतों को बदलना और सभी कॉलोनियों (टाइप–I, टाइप–II और टाइप–III, कुल 500 यूनिट) में स्टाफ क्वार्टर के आंगन और पिछले दरवाजों को बदलना, BLP में 06 वैगन क्षमता वाला कवर शेड और 02 लेबर शेड बनाना, और तुलसीपुर में बड़े सुधार कार्य जैसे PF नंबर 1 और 2 को ऊंचा और बड़ा करना, तथा 01 डीप ट्यूबवेल के साथ RCC OHT (50000 गैलन) की व्यवस्था करना। **अनुमानित लागत:** ₹1,01,00,659.79; **बयाना राशि:** ₹2,02,000/-, **निविदा मूल्य:** ₹0.00; **कार्य सम्पादन की अवधि:** 6 माह; **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:** 28.09.2026 को 15:00 बजे; **नोट:** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरि० मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, लखनऊ**

**मुजाधि/विद्युत–173**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## नगर आयुक्त ने सलारपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण वरुणा नदी भी उफान पर है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सलारपुर वार्ड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का नौका (नाव) के जरिए निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रसूलगढ़, सलारपुर, कोनिया, सरैयां, पुलकोहना और खालिसपुर क्षेत्रों का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को राहत कार्य व सफाई व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद सारनाथ के जोनल अधिकारी, सफाई निरीक्षक, जलकल विभाग के अवर अभियंता, निगम के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## हिन्दी नवगीत के शलाका पुरुष थे डा. शंभुनाथ

● 35वीं पुण्यतिथि पर स्मृति संध्या एवं काव्यांजलि समारोह




**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** डॉ. शंभुनाथ सिंह का व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुआयामी है। वे भारतीय ज्ञान परंपरा के साहित्य साधक हैं। वे परंपरा और आधुनिक भावबोध के रचनाकार हैं। उनकी ख्याति रचनात्मक तथा संगठनात्मक दृष्टि से हिन्दी नवगीत के शलाका पुरुष के रूप में सर्वाधिक रही। उन्होंने नवगीत को ही नहीं अपितु सम्पूर्ण समकालीन हिन्दी कविता को भी समृद्ध किया है। संवेदना की भावभूमि पर उनका कवि-कर्म जीवन की विसंगतियों को नया आयाम प्रदान करती है। उक्त विचार महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष एवं ख्यात समीक्षक प्रो0 श्रद्धानन्द डॉ. शम्भुनाथ सिंह की 35वीं पुण्यतिथि पर आयोजित स्मृति संध्या एवं काव्यांजलि समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि वरिष्ठ समीक्षक एवं साकेत महाविद्यालय मुंबई के पूर्व प्राचार्य प्रो. इन्दीवर ने कहा कि उनका वैदिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक और सामाजिक चिंतन चमत्कृत करने वाला है। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं उदय प्रताप कालेज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. रामसुधार सिंह ने कहा कि डॉ. शंभुनाथ सिंह जीवनभर विरोध का विष पीते हुए भी नीलकंठ की तरह साहित्य सृजन में लगे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि व गीतकार हीरालाल मिश्र 'मधुकर' ने कहा कि डॉ. शम्भुनाथ सिंह की रचनाएं अंधविश्वास और रूढ़ियों पर सीधे प्रहार करती हैं और समाज की विषम वर्जनाओं को तोड़ती हैं। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित शिक्षाविद् डॉ बेनी माधव मिश्र ने कहा कि डॉ. शम्भुनाथ सिंह द्वारा स्थापित साहित्यिक परम्परा को उनके पुत्र डॉ राजीव सिंह और पुत्रवधू डॉ रोली सिंह ने सामाजिक सरोकार में बदला। स्मृति संध्या के पश्चात आयोजित काव्यांजलि समारोह का शुभारम्भ वरिष्ठ कवियित्री एवं रंगकर्मी डॉ. मंजरी पाण्डेय की सरस्वती वंदना के पश्चात मौसम के मिजाज को देखते हुए समसामयिक कजरी गीत के माध्यम से हुआ—'आसो भादो में मेला घुमाय द, जन्माष्टमी देखाय द पिया ना'

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**
समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### मायके में पत्नी ने नौ महीने की बेटी को मार डाला, पुलिस ने अंतिम संस्कार रुकवाया



**मीरजापुर।** कछवां थाना क्षेत्र के चरनहा गांव में नौ महीने की सौम्या की मौत के बाद बृहस्पतिवार को उसके पिता रोशन बिंद अंतिम संस्कार करने पहुंचे उसे ससुराल वालों ने अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। इसके बाद पिता ने पत्नी प्रीति पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पड़री थाने की पुलिस ने अंतिम संस्कार रुकवाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच शुरू कर दी। पड़री के रानी चौकिया गांव निवासी रोशन बिंद ने बताया कि दो वर्ष पहले उसकी शादी कछवां थाना क्षेत्र के चरनहा गांव की रहनेवाली प्रीति से हुई थी। बताया कि वह पहले बिहार में काम करता था। अब नगर के कसरहट्टी में काम करता है। आरोप लगाते हुए रोशन बिंद ने बताया कि पत्नी प्रीति का किसी और से प्रेम प्रसंग है। वह कई बार घर से भाग चुकी है। रोशन ने आरोप लगाया कि पत्नी ने सोते समय उस पर धारदार हथियार से हमला किया था। समय नींद खुल गई तो वह बच गया। वह पहले भी उस पर ग्लास से भी हमला कर चुकी है। तीन महीने पहले बेटी सौम्या की पिटाई कर पैर तोड़ दी थी। उसका इलाज कराया गया। प्लास्टर कटने के बाद वह उसे लेकर मायके चली गई। वह दो महीने से मायके में रह रही है। बृहस्पतिवार की सुबह बरैनी घाट पर बेटी का अंतिम संस्कार करने पहुंचा तो मौके पर मौजूद ससुर तो झगड़ा करने लगे।

## बलिया समाचार

### सरयू नदी किनारे मिला बुजुर्ग का शव

**घोघा।** बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के ताहिरपुर गांव में शुक्रवार सुबह सरयू नदी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार सुबह ताहिरपुर गांव के पास सरयू नदी के किनारे पानी में लोगों ने शव देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बांसडीह कोतवाली पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकलवाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। प्रथमदृष्टया आशंका है कि शव कहीं अन्यत्र से बहकर सरयू नदी के रास्ते ताहिरपुर के किनारे आकर लगा है। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र करीब 70 से 80 वर्ष के बीच होगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

## मऊ समाचार

### वायरल बुखार के मरीजों से जिला अस्पताल के सभी वार्ड फुल, पीआईसीयू में 70 फीसदी बच्चे स्क्रब टाइफस से पीड़ित



**मऊ।** मौसम में बदलाव के साथ जिले में वायरल बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और निजी अस्पतालों तक वायरल फीवर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 900 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं, जिनमें 50 फीसदी वायरल बुखार से पीड़ितों की है। अस्पताल के विभिन्न वार्डों में वायरल के मरीज भर्ती हैं, जबकि बच्चों के लिए बने 10 बेड के पीडियाट्रिक आईसीयू (पीआईसीयू) में भी स्क्रब टाइफस से पीड़ित बच्चों की संख्या 70 फीसदी हो गई है। वायरल संक्रमण के बीच सबसे बड़ी चिंता मरीजों में तेजी से प्लेटलेट्स कम होने को लेकर है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के लिए राहत की बात यह है कि अब तक किसी मरीज में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 900 से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। इनमें से करीब 200 से 300 मरीजों की रक्त जांच कराई जा रही है। वहीं रोजाना 10 से अधिक नए मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। कसारा स्थित मेडिकल कॉलेज के वार्डों में भी करीब 30 फीसदी मरीज वायरल बुखार से पीड़ित बताए जा रहे हैं। नगर के चार बड़े निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों में करीब 50फीसदी वायरल फीवर के मरीज हैं। निजी अस्पतालों में भी प्लेटलेट्स कम होने की शिकायत वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। पीआईसीयू के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सीएस साहनी ने बताया कि वार्ड में 70 फीसदी बच्चे स्क्रब वायरल से पीड़ित है।

## देवरिया समाचार

### देवरिया में डेंगू के लक्षण वाले मजदूर की मौत

**देवरिया।** 27 वर्षीय मजदूर मनीराम की शुक्रवार रात महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसमें डेंगू जैसे लक्षण थे। मनीराम बघौचघाट क्षेत्र के एक ईंट-भट्ठे पर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ ईंट बनाने का काम करता था। उसकी पत्नी सीमा और दोनों बच्चे भी कई दिनों से बुखार से पीड़ित हैं। मनीराम झारखंड के हजारीबाग जिले के उरैज थाना क्षेत्र के पइका गांव का रहने वाला था। परिजनों ने बताया कि वह बघौचघाट क्षेत्र के ईंट-भट्ठे पर परिवार के साथ रह रहा था। कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब थी और वह सीएचसी पथरदेवा में इलाज करा रहा था। जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और उसमें डेंगू के लक्षण दिखे, तो डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

## गोरखपुर समाचार

### रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर, 27 दिन के नवजात और मां की मौत- ससुर घायल, पति विदेश में



**गोरखपुर।** गुलरिहा क्षेत्र के मोगलहा स्थित बुलेट एजेंसी के पास बृहस्पतिवार सुबह तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार महिला और उसके 27 दिन के नवजात बेटे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला के ससुर को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची गुलरिहा पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद से मौके पर जाम लग गया। जानकारी के मुताबिक, महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के जंगल बड़हरा निवासी निजामुद्दीन बृहस्पतिवार सुबह बाइक से बहू अफसाना (35), पत्नी अजबुद्दीन और 27 दिन के पोते हमजा को इलाज के लिए गोरखपुर लेकर जा रहे थे। मोगलहा स्थित बुलेट एजेंसी के पास पीछे से आ रही रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अफसाना और उसके नवजात बेटे हमजा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में निजामुद्दीन को भी चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी परिजन को दी। बताया जा रहा है कि मृतका का पति विदेश में है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जौनपुर समाचार

### पिलकिछा घाट पर एक ही चिता पर दंपती की हुई अंत्येष्टि

**जौनपुर।** खुटहन के तिसौली गांव में बुधवार की रात में संदिग्ध परिस्थिति में नवदंपती की मौत के बाद शुक्रवार को दोनों का अंतिम संस्कार पिलकिछा घाट पर एक ही चिता पर किया गया। चार महीने पहले जिस घर में शादी की खुशियां थीं, शुक्रवार को उसी घर से गोविंद और उसकी पत्नी नेहा की अर्थियां एक साथ उठीं। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव घर लाए गए। पिता मिठाईलाल ने कांपते हाथों से बेटे-बहू को मुखाग्नि दी तो घाट पर मौजूद गांव के हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। गोविंद गौतम की शादी बीते 10 मई को नेहा से हुई थी। बुधवार की रात में दोनों के बीच किसी बात के लिए विवाद हुआ था। गुरुवार की सुबह कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने उसे तोड़ा। कमरे में नेहा का शव बेड पर और गोविंद का शव फंदे से लटकता मिला था। गोविंद की मां का पहले ही निधन हो चुका है।

## प्रयागराज समाचार

### संदेहास्पद परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटका मिला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के कोहड़ार पुलिस चौकी के अंतर्गत मदरहा गांव में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब प्राथमिक विद्यालय के पास एक नीम के पेड़ से 22 वर्षीय युवक का शव लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान मदरहा निवासी सोनू पुत्र पवन निषाद के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कस्बे के निवासी राजकुमार क्रशर प्लांट पर किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने मदरहा प्राथमिक विद्यालय से कुछ दूरी पर स्थित नीम के पेड़ से कपड़े के सहारे सोनू का शव लटकता देखा। उनके शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

ग्राम प्रधान की सूचना पर कोहड़ार पुलिस चौकी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मृतक के पिता चार भाइयों में पवन सबसे बड़े हैं। सोनू उनका छोटा बेटा था। सोनू का बड़ा भाई गोविंद बाहर एक निजी कंपनी में काम करता है। घटना के बाद से सोनू की माता अनीता और विवाहित बड़ी बहन खुशबू का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने सपहा गांव निवासी आशुतोष उर्फ आशू पुत्र तीर्थराज पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

परिजनों का कहना है कि बृहस्पतिवार शाम करीब 4 बजे आशू, सोनू को उसके घर से बुलाकर ले गया था। देर रात 12 बजे तक सोनू से फोन पर बात हुई, लेकिन उसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद आने लगा। परिजनों ने आरोप लगाया है कि आशू ने ही सोनू की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे मेजा इंस्पेक्टर नितेंद्र शुक्ला ने नामजद आरोपी आशू और उसकी मां अनारा को हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर शुक्ला ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## चंदौली समाचार

### शराब के नशे में घर पहुंचा युवक, तबीयत बिगड़ी और गई जान

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के धपरी गांव में बुधवार की देर रात एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक शराब के नशे में था और घर पहुंचने के बाद देर रात उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। धपरी गांव निवासी कालीचरण पासवान का पुत्र प्रशांत कुमार (26) मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि प्रशांत शराब का आदी था। बुधवार को वह शराब पीने के बाद घर आया था। रात करीब एक बजे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## गाजीपुर समाचार

### झाड़-फूंक कराकर चार घंटे बाद अस्पताल लाए परिजन, सर्पदंश से पशुपालक की मौत



**सादात ( गाजीपुर )।** थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी मुख्तार कश्यप (51) की बृहस्पतिवार की रात में सर्प दंश से मौत हो गई। वह शाम में नहर के पास घास काट रहे थे। घास में छिपे सांप ने उनकी अंगुली में काट लिया। परिजन उपचार से पूर्व करीब चार घंटे झाड़-फूंक में लगे रहे हैं। थानाध्यक्ष तारावती यादव ने बताया कि सोनबरसा गांव निवासी सुनीता कश्यप ने जानकारी दी कि पति मुख्तार कश्यप पशुओं के लिए हरा चारा लाने गए थे। वह शाम करीब चार बजे नहर किनारे से हरी घास काट रहा था। तभी यह घटना हुई। उन्होंने मोबाइल से घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिवार के लोग पहुंचे तो उनकी हालत खराब हो रही थी। परिवार के लोग उन्हें उपचार के लिए एकावश पट्टी लेकर आए। जहां हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें झाड़-फूंक के लिए नंदगंज ले गए। जहां उनकी हालत और गंभीर हो गई। वहां से मुख्तार कश्यप को लेकर परिजन करीब रात नौ मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी होते ही परिवार के लोग रोने-बिलखने लगे। ग्रामीण उन्हें सांत्वना देने में जुटे रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्च्युरी हाउस में रखवा दिया। थानाध्यक्ष तारावती यादव ने बताया परिजनों द्वारा कागजी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## भदोही समाचार

### गेहूं पिसाने जा रहे किसान को बोलेरो ने मारी टक्कर, 100 मीटर तक घसीटा, मौत

**भदोही।** क्षेत्र के भंडा गांव निवासी प्रदीप कुमार गौतम (45) की शुक्रवार को बोलेरो की टक्कर से मौत हो गई।

वे साइकिल से गेहूं पिसाने के लिए दुर्गागंज बाजार आ रहे थे। वरना गांव के पास बोलरो ने टक्कर मार दी। वे टक्कर के बाद करीब 100 मीटर घसीटते रहे। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

प्रभारी निरीक्षक के अनुसार भंडा गांव निवासी प्रदीप कुमार गौतम खेती करते थे। वरना गांव के पास जंघई की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने पीछे से उनकी साइकिल में टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद प्रदीप कुमार साइकिल समेत सड़क पर करीब 100 मीटर तक घसीटते चले गए। हादसे में साइकिल पर रखा गेहूं भी सड़क पर बिखर गया। इसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

## सोनभद्र समाचार

### सर्दी-जुकाम के साथ बुखार को हल्के में न लें, सोनभद्र में दो दिनों में गई दो बच्चों की जान



**सोनभद्र।** मौसम में बदलाव का असर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सर्दी-जुकाम और बुखार से पीड़ित बच्चों की संख्या अस्पतालों में बढ़ गई है। इस मौसम का बुखार आसानी से नहीं जा रहा। थोड़ी सी अनदेखी घातक भी हो जा रही है।

पिछले दो दिनों के अंदर जिले में बुखार से दो बच्चों की मौत हुई है। उन्हें सामान्य लक्षण ही थे। परिजन उसी तरह उपचार करा रहे थे, मगर बुखार का प्रकोप इतना तेज हुआ कि चंद घंटों में बच्चों की जान चली गई। डॉक्टर अभिभावकों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चे को बुखार लगे तो इसकी अनदेखी न करें। तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करें और सही जांच कराएं। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) लोढ़ी के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत शुक्ला ने बताया कि मौसम में परिवर्तन के कारण इन दिनों छोटे बच्चे सर्दी, जुकाम और बुखार की चपेट में अधिक आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में भी ऐसे बच्चों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अगर बच्चे को सर्दी-जुकाम के साथ 100 से 102 डिग्री सेल्सियस तक तेज बुखार हो और सांस लेने में परेशानी हो रही हो तो तत्काल अनुभवी चिकित्सक को दिखाना चाहिए। चुर्क नगर के वार्ड नंबर एक निवासी सुरेंद्र की पुत्री शगुन (2) को तीन दिन से बुखार आ रहा था। तीन दिन से उसका उपचार चल रहा था। बृहस्पतिवार को स्थिति बिगड़ने पर निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

रॉबर्ट्सगंज के कुसाही निवासी नन्हें के पुत्र प्रिंस (2) को बुखार आ रहा था। परिजन उसका उपचार करा रहे थे। बृहस्पतिवार की रात बुखार तेज हुआ। सुबह निजी अस्पताल लेकर आए तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दुद्धी सीएचसी के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित छोटे बच्चों की संख्या में इजाफा हुआ है। बच्चों को चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार उपचार दिया जा रहा है। वहीं, म्योरपुर सीएचसी में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव बिंद ने बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन सर्दी-जुकाम और बुखार से पीड़ित करीब 80 से 90 छोटे बच्चे पहुंच रहे हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### देवारा के पांच गांव बाढ़ के पानी से घिरे, नाव बनी सहारा



**आजमगढ़।** सरयू के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से तटवर्ती इलाकों में एक बार फिर चिंता बढ़ गई है। सोनौरा, मानिकपुर, इस्माइलपुर, उर्दिहा और देवारा गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। संपर्क मार्गों पर कई फीट पानी भरने से आवागमन प्रभावित है। इससे करीब दो हजार की आबादी प्रभावित हुई है। लोगों के आवागमन का सहारा अब नाव है। प्रशासन ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए पांच नावें लगाई हैं। हालांकि, महुला-गढ़वल बांध से बांका-बुढ़न पट्टी संपर्क मार्ग पर अभी नाव नहीं लगाई गई है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। बाढ़ के पानी से जगह-जगह जलभराव होने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि महुला-गढ़वल बांध से सहबदिया गांव में जमा पानी से दुर्गंध उठ रही है। यहां अभी तक दवा का छिड़काव नहीं होने से संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने मच्छररोधी दवा और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने की मांग की है। महुला-गढ़वल बांध से सोनौरा संपर्क मार्ग पर बाढ़ के पानी में डूबी पुलिया भी खतरा बनी हुई है। वहीं, इस्माइलपुर संपर्क मार्ग पर पानी भरा होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रभावित मार्गों पर पर्याप्त नाव लगाने और जलभराव वाले क्षेत्रों में दवा का छिड़काव कराने की मांग की है। सरयू नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से सगड़ी तहसील क्षेत्र में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बृहस्पतिवार को बदरहुआ नाले पर जलस्तर 71.42 मीटर था, जो शुक्रवार को नौ सेंटीमीटर बढ़कर 71.51 मीटर पहुंच गया।

## सुल्तानपुर समाचार

### सुल्तानपुर में बड़ा हादसा, हाईवे पर डंपर की बाइक से टक्कर, मां-बेटी की मौत, चाचा-भतीजा घायल




**सुल्तानपुर।** अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मां और बेटी की मौत हो गई, जबकि चाचा और भतीजा घायल हो गए।

घटना के बाद डंपर चालक फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर चालक और वाहन की तलाश शुरू कर दी है। अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर गोसाईगंज के बाबूगंज बाजार में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि चाचा और भतीजा घायल हो गए। घटना के बाद चालक डंपर लेकर भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इनायतपुर निवासी अवधेश (40) शुक्रवार रात अपनी भाभी रेखा (32), भतीजी वर्षा (12) व भतीजे तेजस (10) के साथ बाइक से गुप्तागंज बाजार में जन्माष्टमी का मेला देखने के लिए निकले थे। बाइक अवधेश चला रहे थे। उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। मेला देखने के बाद सभी घर लौट रहे थे।

बाबूगंज बाजार में पहुंचते ही पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने अवधेश की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर गए। हादसे में रेखा और वर्षा गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल रेखा के पुत्र तेजस (10) और देवर अवधेश का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना की जानकारी लेने के साथ ही डंपर और चालक की तलाश शुरू कर दी है। पर्व के दौरान हुए हादसे से परिवार में कोहराम मचा है।

## लाइफ मंत्र

### कैसे बने गरुड़ श्रीहरि के वाहन? जानें इसके पीछे छिपी अद्भुत पौराणिक कथा

हिंदू धर्म में देखा जाएं तो हर देवी-देवता का अपना कोई न कोई वाहन है। माता पार्वती का सिंह, गणेश जी का मुषक, महादेव के नंदी तो विष्णु जी के गरुड़। गरुड़, जिनकी गिनती देवताओं में भी होती है, पौराणिक कथाओं में इनका वर्णन एक ऐसे दिव्य पक्षीराज के रूप में मिलती गै, जिनके नाम मात्र से ही बड़े-बड़े दैत्य और नहा भयभीत हो जाते हैं। लेकिन क्या आपके मन में कभी यह सवाल आया है कि स्वयं पक्षीराज कहलाएं जाने गरूड़ आखिर श्री हरि के वाहन कैसे बने। आखिर गरूड़ को ही ऐसा सौभाग्य क्यों प्राप्त हुआ। धार्मिक




मान्यताओं के अनुसार इसके पीछे एक पौराणिक कथा मिलती है जो काफी प्रचतिल है।

पौराणिक कथा के अनुसार, महर्षि कश्यप की दो पत्नियां थी, एक नाम कद्रू और दूसरी विनता थी। दोनों सगी बहनें थी लेकिन एक दूसरे से उनका प्रेम न था और सदैव उनमें एक दूसरे से आगे निकले की होड़ लगी रहती थी। एक बार महर्षि कश्यप ने उन दोनों को वर मांगने को कहा जिसमे कद्रू ने हज़ार नाग पुत्रों की मांग की तो वहीं विनता ने दो ही पुत्र मांगे लेकिन कहा की वह कद्रु के हज़ार नाग पुत्रों के कई अधिक शक्तिशाली हो। कद्रू ने 1000 अंडे दिए तो वहीं विनता ने दो। जब अंडे फूटने का समय आया तो कद्रू के सारे अंडे फूट गए और उसे 1000 नाग पुत्रों की प्राप्ति हुई लेकिन विनता के अंडे अभी भी वैसे थे। उत्सुकता में विनता से रहा नहीं गया और उसने अपना एक अंडा स्वयं ही फोड़ दिया, जिसमें से अरुण प्रकट हुए। उनका शरीर पूरी तरह विकसित नहीं हुआ था।

उन्होंने अपनी माता को जल्दबाजी के लिए दोषी ठहराया और कहा कि दूसरे अंडे को समय से पहले न खोलें। कुछ समय पश्चाच दूसरा अंडा भी फूट गया जिसमें से गरुड़ देव का जन्म हुआ।

गरुड़ के तेज और बल इतना थी कि उनके पंखों की गति से आकाश तक कंपित होने लगा। समय बीता और एक दिन दोनों ने एक सफेद रंग का घोड़ा देखा। विनता ने कहा कि घोड़े की पूंछ सफेद है, कद्रू ने कहा कि घोड़े की पूंछ काली है। दोनों में शर्त लगी जो गलत होगा उसे दूसरे की दासी बनकर रहना होगा। कद्रू जानती थी कि वह गलत है इसलिए उसने अपने पुत्रों को आदेश दिया की तुम घोड़े की पूंछ से लटर जाओ ताकि वह काले रंग की प्रतीत हो। जब विनता और कद्रू ने घोड़े की पूछ देखी तो वह काली थी जिसने विनता हार गई और कद्रू की दासी बन गई।

जब गरुड़ को अपनी माता की स्थिति के बारे में पता चला तो उन्हें बहुत दुख हुआ। उन्होंने नागों से अपनी माता को मुक्त करने का उपाय पूछा।

नागों ने कहा कि यदि गरुड़ उनके लिए स्वर्ग से अमृत कलश लेकर आएं, तो वे विनता को दासता से मुक्त कर देंगे। गरुड़ मान गए और तेज़ गति से इंद्र लोक की ओर निकल पड़ें और कई कठिनाइओं के पश्चात गरुड़ ने अमृत कलश प्राप्त कर लिया। सभी देवताओं ने गरुड़ देव की हराने का प्रयास किए लेकिन वह सब असफल रहे। कहा जाता है कि गरुड़ के पराक्रम को देखकर देवराज इंद्र भी आश्चर्यचकित रह गए।

## चाय के कप से ऑक्टोपस तक... Bigg Boss 20 का घर बना 'अजीबोगरीब सपनों की दुनिया'



बिग बॉस 20 शुरू होने से पहले ही अपने नए और अनोखे घर को लेकर चर्चा में आ गया है। हर सीजन की तरह इस बार भी बिग बॉस के घर में ड्रामा और एंटरटेनमेंट का तड़का देखने को मिलेगा, लेकिन सीजन 20 का घर पहले से कहीं ज्यादा रंगीन, अजीबोगरीब और दिलचस्प बनाया गया है। सलमान खान एक बार फिर शो को होस्ट करते नजर आएंगे और इस बार शो को पहले से बड़ा और ग्रैंड बनाने की तैयारी है। घर को एक ऐसे सपनों की दुनिया जैसा लुक दिया गया है, जहां रोजमर्रा की चीजों को बिल्कुल अलग अंदाज में पेश किया गया है। घर के फर्नीचर से लेकर अलग-अलग इंस्टॉलेशन तक, हर कोने में कुछ ऐसा है जिसे देखकर आप एक बार जरूर रुकेंगे। इस बार बिग बॉस के घर की सबसे खास बात इसकी 'डुअलिटी' थीम है। डिजाइन में ऐसी चीजों को एक साथ रखा गया है, जिनका आमतौर पर एक-दूसरे से कोई मेल नहीं होता। रोजमर्रा की चीजों को नए और अनोखे तरीके से डिजाइन किया गया है। घर का रंग-बिरंगा और मॉडर्न लुक इसे काफी यूथफुल बनाता है। वहीं, जगह-जगह लगाए गए अजीबोगरीब इंस्टॉलेशन घर को बाकी सीजन से अलग बनाते हैं।

बिग बॉस 20 के घर में सबसे पहले ध्यान खींचने वाली चीजों में एक विशाल चाय का कपशामिल है। इस चाय के कप की टोंटी से ऐसा लगता है जैसे चाय सीधे सोफे पर गिर रही हो। एक साधारण किचन आइटम को फर्नीचर का हिस्सा बनाकर डिजाइनरों ने घर में एक अलग ही ट्विस्ट दिया है।

**शतरंज के मोहरों को पकड़ेगा विशाल ऑक्टोपस**

घर में एक विशाल ऑक्टोपस भी बनाया गया है, जिसके टेंटेकल्स में शतरंज के मोहरे नजर आते हैं। यह डिजाइन काफी दिलचस्प है, क्योंकि इसमें समुद्र की अनिश्चितता और शतरंज के सोच-समझकर खेले जाने वाले खेल को एक साथ दिखाया गया है। यह कॉन्सेप्ट बिग बॉस के गेम से भी काफी मेल खाता है, जहां हर कंटेस्टेंट को हर कदम सोच-समझकर उठाना पड़ता है। घर में दोस्ती, दुश्मनी, गठबंधन और रणनीति कब बदल जाए, इसका कोई भरोसा नहीं होता।

**हॉट एयर बैलून बना बैठने की जगह**

बिग बॉस 20 के घर में एक हॉट एयर बैलून को भी अलग अंदाज में इस्तेमाल किया गया है। आमतौर पर हॉट एयर बैलून को उड़ान और नई जगहों की खोज से जोड़ा जाता है, लेकिन यहां इसे बैठने की आरामदायक जगह में बदल दिया गया है। इसके अलावा फूलों वाला एक अनोखा नल भी घर की खूबसूरती बढ़ाता है। साधारण नल से निकलते फूल ने नेचर और मॉडर्न डिजाइन का अनोखा मेल तैयार किया है।

**हर तरफ नजर आएंगी आंखें, क्या है इसका मतलब?**

बिग बॉस के घर में जगह-जगह आंखों के डिजाइन भी देखने को मिलेंगे। इनका कनेक्शन सीधे शो की उस खासियत से है, जिसमें कंटेस्टेंट्स पर हर वक्त नजर रखी जाती है। घर में होने वाली हर बातचीत, हर हरकत और हर रिएक्शन कैमरे की नजर में रहता है।

# 'Hope' 25 सितंबर को भारत में होगी रिलीज़



'द वेलिंग' (The Wailin) जैसी सस्पेंस हॉरर क्लासिक फिल्म बनाने वाले दिग्गज साउथ कोरियाई फिल्ममेकर ना होंग-जिन लगभग एक दशक बाद बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन थ्रिलर फिल्म 'होप' (Hope) भारत के सिनेमाघरों में 25 सितंबर 2026 को दस्तक देने जा रही है। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें साउथ कोरिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स के साथ हॉलीवुड की चर्चित जोड़ियां एक साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी।

'होप' को अब तक की सबसे महंगी कोरियाई फ़िल्म बताया जा रहा है। इसका प्रोडक्शन बजट 50 बिलियन वॉन (लगभग 345 करोड़ रुपये) से ज़्यादा होने का अनुमान है, जो इसे कोरियाई सिनेमा के लिए एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोडक्शन बनाता है। कुछ रिपोर्ट्स में यह आंकड़ा और भी ज़्यादा, यानी 70 बिलियन वॉन (लगभग 485 करोड़ रुपये) बताया गया है। भारतीय दर्शकों के लिए यह फ़िल्म अंग्रेज़ी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कोरियाई भाषाओं में आएगी। इस तरह यह सिर्फ़ कोरियाई भाषा की फ़िल्म न रहकर एक बड़े पैमाने पर रिलीज़ होने वाली फ़िल्म बन जाएगी।

> **'होप' को अब तक की सबसे महंगी कोरियाई फ़िल्म बताया जा रहा है। इसका प्रोडक्शन बजट 50 बिलियन वॉन ( लगभग 345 करोड़ रुपये ) से ज़्यादा होने का अनुमान है, जो इसे कोरियाई सिनेमा के लिए एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोडक्शन बनाता है।**

**'होप' किस बारे में है?**

साउथ कोरिया के 'डीमिलिटराइज़्ड ज़ोन' के पास एक दूर-दराज़ के गाँव में सेट, 'होप' की कहानी एक रहस्यमयी जीव के मिलने से शुरू होती है। जो घटना शुरू में एक अलग-थलग मामला लगती है, वह जल्द ही ज़िंदा रहने की लड़ाई में बदल जाती है। पुलिस चीफ़ बम-सेओक और ऑफ़िसर सुंग-ए को गाँव की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी संभालनी पड़ती है, क्योंकि मदद के लिए आने वाली टीम को जंगल की आग बुझाने के काम में लगा दिया जाता है और बाहरी दुनिया से संपर्क टूट जाता है। इस बीच, जो स्थानीय लोग उस जीव का पता लगाने के लिए पहाड़ों में जाते हैं, उन्हें पता चलता है कि वे खुद ही शिकार बन गए हैं।

कहानी का आधार एक सीधी-सादी 'क्रिएचर थ्रिलर' जैसा लगता है, लेकिन ऐसा लगता है कि ना होंग-जिन इस जॉनर का इस्तेमाल किसी बड़ी चीज़ की शुरुआत के तौर पर कर रहे हैं। कहानी एक स्थानीय रहस्य से आगे बढ़कर 'ब्रह्मांडीय स्तर' की त्रासदी में बदल जाती है, जिसमें रहस्यमयी जीव के खतरे के साथ-साथ इंसानी टकराव भी बढ़ता जाता है।

**'द वेलिंग' से कनेक्शन**

कोरियाई हॉरर फ़िल्मों के फ़ैंस के लिए ना होंग-जिन का नाम बहुत मायने रखता है। उनकी फ़िल्मों में 'द चेज़र' (2008), 'द येलो सी' (2010) और 'द वेलिंग' (2016) शामिल हैं, और ये सभी कान फ़िल्म फ़ेस्टिवल के लिए चुनी गई थीं। 'होप' 10 साल बाद निर्देशक के तौर पर उनकी पहली फ़ीचर फ़िल्म है। फ़िल्ममेकर ने 'होप' को 'द वेलिंग' से अलग तरह से बनाया है। जहाँ उनकी 2016 की फ़िल्म ने माहौल, रहस्य और बढ़ते डर के ज़रिए हॉरर पैदा किया था, वहीं 'होप' (Hope) में एक्शन और बड़े पैमाने पर बनी फ़िल्म होने पर ज़्यादा ज़ोर दिया गया है।

**कोरियन-हॉलीवुड कास्ट**

यह बड़े पैमाने का अंदाज़ कास्ट में भी दिखता है। साउथ कोरिया के सबसे मशहूर एक्टर्स में से एक, ह्वांग जंग-मिन ने पुलिस चीफ़ बम-सेओक का रोल किया है, जबकि ज़ो इन-सुंग ने सुंग-की का रोल निभाया है। 'स्क्विड गेम' के बाद ग्लोबल स्टार बनी होयोन ने सुंग-ए का रोल किया है। हॉलीवुड की तरफ़ से माइकल फ़ैसबेंडर, एलिसिया विकेंडर, टेलर रसेल और कैमरन ब्रिटन शामिल हैं। फ़ैसबेंडर और विकेंडर ने रहस्यमयी एलियन किरदारों की भूमिका निभाई है, जिससे फ़िल्म की कोरियन-हॉलीवुड पहचान में एक और परत जुड़ गई है। होयोन के लिए, 'होप' उनके ग्लोबल टेलीविज़न ब्रेकथ्रू से बड़े पैमाने पर बनने वाली थिएट्रिकल सिनेमा की ओर एक अहम कदम है। वह कोरियन दिग्गज ह्वांग जंग-मिन और ज़ो इन-सुंग के साथ स्क्रीन शेयर करती हैं और एक इंटरनेशनल कास्ट के साथ काम करती हैं। फ़िल्म फ़ेस्टिवल में कॉम्पिटिशन सेक्शन में हुआ, जो ना होंग-जिन की 'पाल्मे डी'ओर' के लिए कॉम्पिटिशन करने वाली पहली फ़िल्म बनी। यह कान्स के लिए चुनी गई उनकी लगातार चौथी फ़िल्म भी थी। फ़िल्म की इंटरनेशनल महत्वाकांक्षाएँ फ़ेस्टिवल सर्किट से कहीं आगे तक जाती हैं। खबरों के मुताबिक, घरेलू रिलीज़ से पहले ही इसके डिस्ट्रिब्यूशन राइट्स 200 से ज़्यादा देशों और इलाकों में बेचे गए, जिससे फ़िल्म को लेकर ग्लोबल उम्मीदों का पता चलता है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

## 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग'
## निमिषा सजयन का दमदार अभिनय



'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' एक ऐसी क्राइम-ड्रामा फिल्म है जो वर्दीधारी महिलाओं के पेशेवर कर्तव्यों, घरेलू जिम्मेदारियों और अपनी बेगुनाही व क्षमता साबित करने के लगातार संघर्ष को पर्दे पर उतारती है। अंबिका पंडित के निर्देशन में बनी इस फिल्म की सबसे मजबूत कड़ी निमिषा सजयन हैं, जिन्होंने असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर बबीता सिंह के मुख्य किरदार में अपनी गहरी छाप छोड़ी है। एक पारिवारिक त्रासदी और अपने करीबी दोस्त की संदिग्ध मौत के बाद न्याय की जंग लड़ती एक महिला पुलिस अफसर की यह कहानी जितनी पेशेवर है, उतनी ही भावनात्मक भी है। निमिषा सजयन की शानदार परफॉर्मेंस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाती है। बबीता कहानी की जान है और एक ऐसा किरदार है जिसे नज़रअंदाज़ करना मुश्किल है।

**'बबीता सिंह रिपोर्टिंग': कहानी-** यह पूरी कहानी एक महिला पुलिस अधिकारी के कर्तव्य, पारिवारिक जिम्मेदारियों और न्याय की लड़ाई के बीच के गहरे भावनात्मक संघर्ष को दर्शाती है। असिस्टेंट सब-इंस्थापक बबीता सिंह ('बेबी') अपने भ्रष्ट और स्वार्थी सीनियर अधिकारी के कहने पर एक झूठा केस अपने सिर लेकर दो हफ्ते का सस्पेंशन स्वीकार करती है ताकि उसे छुट्टी मिल सके और वह अपने ससुराल जा सके। इस दौरान उसकी मुलाकात अपने बचपन के करीबी दोस्त बंसी से होती है, लेकिन यह खुशी उस समय त्रासदी में बदल जाती है जब बंसी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या हो जाती है। परिवार, पति और ससुराल वालों के भारी विरोध और बहुत कम सरकारी समर्थन के बावजूद, बबीता अपनी खाकी का फर्ज निभाने और दोस्त को न्याय दिलाने के लिए अकेली ही जांच में कूद पड़ती है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ती है, वह पाती है कि इस जघन्य अपराध के तार उसके अपने ही किसी करीबी से जुड़े हुए हैं। आखिरकार, अपनी निजी जिंदगी और पेशेवर ईमानदारी के बीच संतुलन बनाते हुए, बबीता तमाम सामाजिक व पारिवारिक बाधाओं को तोड़कर सच को सामने लाती है, जो यह साबित करता है कि हर विपरीत परिस्थिति के बावजूद उसका फर्ज और पक्का इरादा ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। कहानी को और भी दिलचस्प बनाने वाली बात है बबीता का सच का पता लगाने का पक्का इरादा, जबकि उसे बहुत कम समर्थन मिलता है। उसके पति और परिवार उसे रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह जाँच छोड़ने से इनकार कर देती है। जल्द ही यह केस बबीता के लिए बहुत निजी हो जाता है। न्याय के लिए उसकी लड़ाई एक भावनात्मक सफ़र में बदल जाती है। आखिर में पता चलता है कि कातिल उसका कोई करीबी ही है। फिर कहानी दिखाती है कि सच सामने आने पर क्या होता है। यह फिल्म के मुख्य विचार को दर्शाता है, जहाँ बबीता की पेशेवर समझ का टकराव एक ऐसे केस से होता है जो उसके दिल के बहुत करीब है। 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' में ASI बबीता सिंह के रोल में निमिषा सजायन सबसे मज़बूत कड़ी हैं। वह एक पक्के इरादे वाली पुलिस ऑफिसर के रोल में एकदम फिट बैठती हैं और एक पत्नी, दोस्त और पुलिस ऑफिसर के तौर पर बबीता की ज़िम्मेदारियों को बखूबी निभाती हैं। उनकी परफॉर्मेंस किरदार में गहराई लाती है, खासकर इमोशनल और इन्वेस्टिगेशन वाले पलों में। निमिषा एक जानी-मानी भारतीय एक्ट्रेस हैं जो मलयालम सिनेमा में अपनी दमदार परफॉर्मेंस के लिए पहचानी जाती हैं। इस रोल के साथ, वह एक बार फिर अपनी एक्टिंग की काबिलियत साबित करती हैं। बबीता सिंह के पति, शरद वशिष्ठ के रोल में अंशुमान पुष्कर ने एक सपोर्टिव पति के तौर पर अच्छी परफॉर्मेंस दी है। वह किरदार में अच्छी तरह ढल जाते हैं, हालांकि कुछ सीन में निमिषा सजायन की दमदार स्क्रीन प्रेज़ेंस के आगे उनकी परफॉर्मेंस थोड़ी फीकी पड़ जाती है। राजेश कुमार ने एद्द सेठी का रोल निभाया है, जो एक मतलबी और मौके का फायदा उठाने वाला पुलिस ऑफिसर है और जिसे अपने करियर की तरक्की की ज़्यादा चिंता रहती है। एक भ्रष्ट पुलिस वाले के तौर पर उनका रोल विश्वसनीय लगता है और किरदार पर जंचता है।

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682